08–04–2019

पोलिसी बाज़ार ने लिया अग्रवाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों का साक्षात्कार

दिनांक 08–04–2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में Policy Bazaar के तहत एक Campus Drive का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह आयोजन Sales Consultant की भर्ती के लिए कराया गया, जिसमें Policy Bazaar की तरफ से श्री हरजोत सिंह गुजराल, वरिष्ठ कार्यकारी, HR और श्री फैज़ल, मानव संसाधन प्रशिक्षु मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस ड्राइव में बी.बी.ए./ बी.कैम./ बी.कॉम/ बी.सी.ए./ बी.एस.सी. एवं स्नातकोत्तर के सभी वर्गों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन Training and Placement Officer डॉ. शिल्पा गोयल के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत श्री हरजोत सिंह की Presentation से हुई, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में विस्तार में बताया। यह ड्राइव सेल्स सलाहकार पद के लिए है, जब कि दो चरणों में विभाजित किया गया है। उन्होंने सभी चरणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में सामूहिक चर्चा कराई जाएगी, जो कि 12 विद्यार्थियों का एक ग्रुप बनाकर होगा। जो विद्यार्थी इस चरण में चयनित होंगे, वह द्वितीय चरण में प्रवेश करेंगे, जिसमें टेलीफोन पर साक्षात्कार होंगे। जो विद्यार्थी उस दौर में चयनित होंगे, उनका अंतिम चयन होगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चयनित हुए विद्यार्थियों का कुल वेतन 21,500/– निर्धारित किया गया है। इस कैम्पस ड्राइव में श्रीमती किरण आनन्द, डॉ. पूनम आनन्द, डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सारिका कांजलिया, डॉ. रेखा रानी, डॉ. मीनू अग्रवाल, डॉ. इनायत, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. सचिन गर्ग, तृप्ति, डॉली, सोनिया, कृतिका, रचना, अनीता, मनीषा, साक्षी, कीर्ति, पलक, पूजा गुप्ता, पूजा आदि प्राध्यापक विशेष रूप से उपस्थित थे।